Under CSR Support by ipca Foundation missiongyan

## अध्याय - 4 | व्यावसायिक सेवाएँ

**QUIZ PART-08**

1. **पूर्ण सद्भावना (Utmost Good Faith) सिद्धांत का अर्थ है कि—**
   A. बीमा मौखिक रुप से होना चाहिए
   B. दोनों पक्ष सभी महत्वपूर्ण तथ्य छिपाएँ
   C. दोनों पक्ष सभी आवश्यक तथ्यों की सही जानकारी दें
   D. बीमा बिना किसी जानकारी के भी मान्य है (C)

*व्याख्या :* बीमाकर्ता और बीमित दोनों को अनुबंध से संबंधित सभी महत्वपूर्ण तथ्य ईमानदारी से बताने होते हैं।

2. **बीमा–योग्य हित (Insurable Interest) का अर्थ है—**
   A. बीमा केवल महंगी वस्तुओं पर होता है
   B. बीमित को वस्तु के सुरक्षित रहने से आर्थिक लाभ होना चाहिए
   C. बीमा तभी जब वस्तु नई हो
   D. बीमा तभी जब वस्तु सरकार के अंतर्गत हो (B)

*व्याख्या :* बीमा-योग्य हित वही है जिसमें बीमित को वस्तु के सुरक्षित रहने से आर्थिक हानि–लाभ का संबंध होता है।

3. **क्षतिपूर्ति (Indemnity) सिद्धांत किन पर लागू नहीं होता?**
   A. अग्नि बीमा B. सामुद्रिक बीमा
   C. जीवन बीमा D. दायित्व बीमा (C)

*व्याख्या :* जीवन बीमा में व्यक्ति का जीवन वापस नहीं लाया जा सकता, इसलिए क्षतिपूर्ति सिद्धांत यहाँ लागू नहीं होता।

4. **"निकटतम कारण" (Proximate Cause) का तात्पर्य है—**
   A. हानि का अनुमानित कारण
   B. हानि का मुख्य और वास्तविक कारण
   C. बाहरी कारण
   D. कम महत्व वाला कारण (B)

*व्याख्या :* हानि का वास्तविक, प्रमुख और प्रभावी कारण ही निकटतम कारण माना जाता है।

5. **अधिकार-संपर्ण (Subrogation) सिद्धांत के अनुसार—**
   A. बीमित हानि के बाद संपत्ति का दोबारा दावा कर सकता है
   B. हानि की भरपाई के बाद संपत्ति का अधिकार बीमाकर्ता को मिल जाता है
   C. हानि के बाद वस्तु नष्ट कर देनी चाहिए
   D. बीमा राशि लौटानी होती है (B)

*व्याख्या :* हानि की भरपाई हो जाने पर उस संपत्ति का अधिकार बीमाकर्ता को हस्तांतरित हो जाता है।

6. **योगदान (Contribution) सिद्धांत कब लागू होता है?**
   A. जब केवल एक बार बीमा कराया गया हो
   B. जब अत्यधिक जोखिम हो
   C. जब एक ही वस्तु का कई कंपनियों में बीमा हो
   D. जब प्रीमियम न दिया गया हो (C)

*व्याख्या :* यदि एक ही वस्तु का कई बीमा कंपनियों में बीमा हो, तो सभी कंपनियाँ हानि को अनुपात में बाँटती हैं।

7. **हानि को कम करने का सिद्धांत (Mitigation) कहता है कि—**
   A. बीमित को लापरवाही करनी चाहिए
   B. बीमित को हानि बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए
   C. बीमित को हानि कम करने के उचित प्रयास करने चाहिए
   D. बीमित कुछ न करे (C)

*व्याख्या :* बीमित को विवेकपूर्ण प्रयास कर हानि को न्यूनतम करने का प्रयास करना चाहिए।

8. **किस सिद्धांत के तहत महत्वपूर्ण तथ्य छिपाने पर बीमा अनुबंध अमान्य हो सकता है?**
   A. योगदान
   B. पूर्ण सद्भावना
   C. क्षतिपूर्ति
   D. उपर्युक्त में से कोई नहीं (B)

*व्याख्या :* पूर्ण सद्भावना के सिद्धांत में सभी महत्वपूर्ण तथ्य बताना अनिवार्य होता है।

9. **"बीमाकर्ता हानि के बाद बीमित को पूर्व स्थिति में लाने का वचन देता है"— यह किस सिद्धांत से संबंधित है?**
   A. योगदान B. क्षतिपूर्ति
   C. बीमा–योग्य हित D. उपर्युक्त सभी (B)

*व्याख्या :* क्षतिपूर्ति सिद्धांत का उद्देश्य हानि होने पर बीमित को हानि-पूर्व स्थिति में लाना है।

10. **बीमा–योग्य हित सिद्धांत किस पर आवश्यक होता है?**
    A. केवल जीवन बीमा पर
    B. केवल अग्नि बीमा पर
    C. सभी प्रकार के बीमा पर
    D. केवल सामुद्रिक बीमा पर (C)

*व्याख्या :* बीमा–योग्य हित सभी प्रकार के बीमा का मूल आधार होता है।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES Download Mission Gyan App